Regarding enhancement of honorarium of Sevikas working in Aanganwadi Kendras-laid

चौधरी महबूब अली कैसर **(खगड़िया):** मैं सरकार का ध्यान बिहार जिसमें मेरा लोकसभा खगड़िया क्षेत्र भी शामिल है, के अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर ले जाना चाहता हूं। जो बाल एवं विकास मंत्रालय द्वारा प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर काम कर रही सेविका के मानदेय के संबंध में है। समान सेविका का चयन 700 से 1000 की आबादी एवं मिनी केंद्र से सेविका का चयन 300 से 500 की आबादी पर किया जाता है। आंगनबाड़ी सेविका द्वारा तीन से छह वर्ष तक के 40 बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती है एवं मिनी केंद्र सेविका द्वारा 20 बच्चों को शिक्षा दी जाती है। वहीं इन लोगों को अति कुपोषित, कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की देखभाल का भी मंथली टास्क होता है, परंतु सरकार द्वारा इन आंगनबाड़ी सेविकाओं को रुपए 5950/- प्रति माह तथा मिनी केंद्र सेविका को ₹4500/- प्रति माह तथा सहायिका को रूपए 2975/- पर प्रति माह मानदेय के रूप में दिया जाता है, जिससे इनका परिवार का भरण पोषण हो पाना बहुत मुश्किल है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि इन सेविकाओं तथा सहायिकाओं के मानदेय पर विचार किया जाए और इसमें वृद्धि कर इतना किया जाए जिससे एक परिवार आराम से जीवन यापन कर सके।